>

Title: Need to provide adequate compensation to the people whose land has been acquired for expansion of airport in Gaya, Bihar.

**श्री हरी माझी (गया):** मैं अपने संसदीय क्षेत्र की एक गंभीर समस्या की ओर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं। गया में एयरपोर्ट का विस्तार करने के लिए यहां के किसानों की भूमि अधिगृहित की गई है। जिसका मुआवजा किसानों को बहुत ही कम दिया गया है जिसके कारण यहां के किसानों में भारी आक्रोश फैल रहा है। किसान लगातार मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए मुआवजा राशि बढ़ाई जाए तथा किसानों की मांग के अनुसार जिन किसानों की भूमि ली गई है उनके परिवार के एक सदस्य को एयरपोर्ट में रोजगार दिया जाए।